# अध्याय – तृतीय
# शोध विधि तथा प्रक्रिया

# अध्याय – तृतीय

## शोध विधि तथा प्रक्रिया

इस अध्याय में न्यादर्श का चयन, प्रदत्त संकलन हेतु उपकरण का निर्माण एवं विकास तथा आंकडो का विश्लेषण में प्रयुक्त सांख्यिकी का वर्णन किया गया है।

अनुसंधान कार्य सही दिशा में अग्रसर करने के लिए यह आवश्यक होता है कि शोध की एक व्यवस्थित रूप रेखा हो। इसके लिए न्यादर्श के चयन की अपनी विशेष भूमिका होती है।

इसे तभी उपयुक्त माना जा सकता है। जब यह संपूर्ण समष्टि का वास्तविक प्रतिनिधित्व करता हो। न्यादर्श जितने सुदृढ़ होंगे परिणाम उतने ही परिशुद्ध वैध व विश्वसनीय होगे। इसके बाद उपकरण का चयन महत्वपूर्ण होता है। जिसके आधार पर प्रदत्तों का संकलन किया जाता है। तथा सांख्यिकी विधि के द्वारा प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या की जाती है।

### 3.1. अध्ययन विधि

प्रस्तुत अध्ययन एक वर्णनात्मक सर्वेक्षण प्रकार का अनुसंधान है। वर्णनात्मक विधि द्वारा विद्यमान स्थितियों की प्रकृति व कोटि को ज्ञात कर हम यह बता सकते हैं, कि वर्तमान में क्या विद्यमान है।

### 3.2 अध्ययन की समष्टि

इस अध्ययन के लिए संपूर्ण समष्टि में से मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले की वर्तमान में संचालित पूर्व प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत आंगनवाडी केन्द्र को लिया गया है।

### 3.3 न्यादर्श का चयन

इस अध्ययन में न्यादर्श के लिए होशंगाबाद जिले में चल रही आगंनवाडी को लिया गया है। वर्तमान में होशंगाबाद जिले के चार सेक्टर में 945 आंगनवाडी चल रही है। जिसमें से शोध के लिए 20 आंगनवाडी को यादृच्छिक विधि द्वारा चयन किया गया है।

### 3.4 उपकरण तथा प्रविधि

प्रस्तुत अध्ययन के लिए संबंधित सूचना तथा आंकडो का एकत्र करने के लिए शोधकर्ता द्वारा मार्गदर्शक सहमार्गदर्शिका व विषय विशेषज्ञों की मदद से निम्नलिखित उपकरण का निर्माण किया गया है।

1. प्रश्नावली (कार्यकर्ताओं के लिए)
2. अवलोकन अनुसूची (आंगनवाडी केन्द्र के लिए)
3. साक्षात्कार अनुसूची (कार्यकर्ताओं के लिए)

**प्रश्नावली**

प्रस्तुत अध्ययन के लिए प्रश्नावली उपकरण का निर्माण किया गया। जो कि आंगनवाडी केन्द्र के कार्यकर्ताओं के लिए है। इसमें 10 प्रश्नों को सम्मिलित किया गया है।

प्रश्नावली में सबसे पहले 20 प्रश्नों को तैयार किया गया था। बाद में मार्गदर्शक सहमार्गदिर्शका तथा विषय विशेषज्ञ द्वारा चर्चा करने के पश्चात् 10 प्रश्नो को रखा गया। सभी प्रश्नों के उत्तर स्वयं कार्यकर्ता द्वारा प्रश्नावली में लिखना है। प्रश्नावली में प्रश्न पूर्व प्राथमिक शिक्षा, बच्चो के विकास, बच्चो को दी जाने वाली सुविधाएं, प्रशिक्षण स्वास्थ्य जांच व पोषण, अभिभावको से सम्पर्क समुदाय का सहयोग, रोगो से बचाने के उपाय, ज्ञानेन्द्रिया संवेदना विकास से संबंधित है। जिन्हें परिशिष्ट I में दर्शाया गया है।

**अवलोकन अनुसूची**

प्रस्तुत अध्ययन के लिए अवलोकन अनुसूची आंगनवाडी केन्द्र के लिए तैयार की गई है। इस निम्नलिखित भागो में बांटा गया है।

1. भौतिक सुविधाएं
2. शैक्षिक सुविधाएं
3. खेलनें की सुविधाएं
4. प्राथमिक उपचार संबंधित सुविधाएं

अवलोकन अनुसूची के सभी प्रश्नों पर मार्गदर्शक सहमार्गदर्शिका तथा विषय विशेषज्ञ की चर्चा के बाद प्रश्नों का चयन किया गया। सभी प्रश्नों के कई विकल्प दिये गए है। शोधकर्ता द्वारा इन विकल्पों में से एक अधिक विकल्प चुने जा सकते है। अवलोकन अनुसूची से संबंधित प्रश्नों को जिन्हे परिशिष्ट II में दर्शाया गया है।

**साक्षात्कार अनुसूची**

प्रस्तुत अध्ययन में साक्षात्कार अनुसूची आंगनवाडी केन्द्र के कार्यकर्ता के लिए तैयार की गई है। जिसके कुल 22 प्रश्न है। साक्षात्कार अनुसूची को दो भागो में बांटा गया है।

(A) अनौपचारिक शिक्षा के लिए (11 प्रश्न)

(B) पोषक आहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच के लिए (11 प्रश्न)

(A) **अनौपचारिक शिक्षा के लिए**

प्रस्तुत अध्ययन में साक्षात्कार अनुसूची में अनौपचारिक शिक्षा से संबंधित 11 प्रश्न है। सबसे पहले शोधकर्ता ने 25 प्रश्नों को तैयार किया गया था। बाद में मार्गदर्शक सहमार्गदर्शिका तथा विषय विशेषज्ञ से चर्चा की। सभी से चर्चा के पश्चात् अनौपचारिक शिक्षा से संबंधित 11 प्रश्नों को साक्षात्कार अनुसूची में रखा गया। साक्षात्कार अनुसूची में सभी प्रश्नों के कई विकल्प दिये गए। शोधकर्ता द्वारा इन विकल्पों में से एक से अधिक विकल्प चुने जा सकते है। साक्षात्कार अनुसूची में अनौपचारिक शिक्षा के अंतर्गत भाषा विकास, बच्चों की लिखने की तैयारी, गणित की तैयारी, विभिन्न आवाजों की पहचान, बौद्धिक विकास, सामाजिक विकास, शारीरिक विकास, ज्ञानेन्द्रियां संवदेना विकास, सृजनात्मक तथा कलात्मक विकास से संबंधित है। जिन्हे परिशिष्ट III (a) दर्शाया गया है।

(B) **पोषक आहार, टीकाकरण स्वास्थ्य जांच के लिए**

प्रस्तुत अध्ययन में प्रेषक आहार, टीकाकरण स्वास्थ्य जांच से संबंधित सबसे पहले 24 प्रश्न को तैयार किया गया था। इन प्रश्नों के बारे में मार्गदर्शक सहमार्गदर्शिका और विषय विशेषज्ञ से चर्चा की। सभी से चर्चा करने के बाद 11 प्रश्नो का चयन किया गया है। इन 11 प्रश्नों में से 5 प्रश्न ऐसे थे जिनका उत्तर कार्यकर्ता द्वारा लिखा गया। तथा 6 प्रश्न ऐसे है जिनका उत्तर शोधकर्ता द्वारा प्राप्त किया गया। इस साक्षात्कार अनुसूची के अन्तर्गत संतुलित आहार, पोषण आहार टीकाकरण, जन्मदर व मृत्युदर, स्वास्थ्य जांच, आदि से संबंधित प्रश्नों को रखा गया है। जिन्हें परिशिष्ट III (b) में दर्शाया गया है।

## 3.5 प्रदत्तों का संकलन –

शोधकर्ता ने सर्वप्रथम होशंगाबाद जिले की एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी से मिलकर की वर्तमान संचालित आंगनवाडियों का पता लिया गया है? जिसमें से 20 आंगनवाडियों का भ्रमण शोधकर्ता द्वारा किया गया। शोधकर्ता ने आंगनवाडी के पर्यवेक्षक से मिलकर क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान द्वारा प्रदान अनुमति पत्र के माध्यम से अनुमति प्राप्त करके उपकरणों से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

## 3.6. प्रदत्तों का अंकन तथा सारणीयन

आंगनवाडी केन्द्र के कार्यकर्ता की प्रतिक्रियाओं का अंकन तथा सारणीय किया गया। इसके लिए पृथक-पृथक आये उत्तरों आवृत्ति संख्या द्वारा प्रदर्शित किया गया तथा उनका प्रतिशत प्रदर्शित किया गया।

अवलोकन अनुसूची तथा साक्षात्कार अनुसूची पर भिन्न-भिन्न प्रतिक्रियाओं को प्रदर्शित करने के लिए प्रदत्तों को तालिकाबद्ध किया गया इसके पश्चात तालिका में प्रदर्शित प्रदत्तों का कथन रूप मं वर्णन किया गया।

प्रश्नावली पर कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिक्रियाओं का वर्णनात्मक विश्लेषण किया गया तथा इन्हें कथन रूप में लिखा गया।

शोधकर्ता द्वारा अवलोकन अनुसूची के लिए 4 तालिकाएं तथा साक्षात्कार अनुसूची के लिए 17 तालिकाएं द्वारा विश्लेषण किया है तथा प्रश्नावली में 10 प्रश्नों का वर्णनात्मक विश्लेषण किया गया है।

## 3.7 प्रदत्तों का विश्लेषण तथा व्याख्या

संकलित प्रदत्तों का विश्लेषण तथा व्याख्या चतुर्थ अध्याय में किया गया है।